**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.10.2024/प्रादेशिक समाचार/09.20 बजे**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन–आरोग्य योजना में विशेष व्यवस्था करते हुए 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करने का निर्णय लिया। इसके माध्यम से सभी वरिष्ठ नागरिक चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि वंचितवर्गों को चिकित्सा सहायता प्रदान करने के लिए उनकी सरकार ने आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की है। इस योजना के अंतर्गत सरकार गरीबों को अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने के लिए पांच लाख रूपये तक की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिक इस योजना के अंतर्गत आयुष्मान वंदनाकार्ड के माध्यम से चिकित्सा लाभ प्राप्त कर सकते है।

------

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा कि शिमला जिला के नेरवा अस्पताल को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाया जाएगा ताकि क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। ये बात कल उन्होंनें 3 दिवसीय नेरवा उत्सव के समापन अवसर पर कही । उन्होंने कहा कि मांग के अनुरूप नेरवा अस्पताल को आदर्श स्वास्थ्य संस्थान बनाया जाएगा। धनीराम शांडिल ने कहा कि चौपाल क्षेत्र को भी ध्यान में रखते हुए चौपाल अस्पताल को सैटेलाइट अस्पताल बनाया जाएगा और सारी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

-----

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कल चम्बा जिला के भटियात विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के उप–मंडल कार्यालय नैनी खड्ड का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जल शक्ति विभाग के उप–मंडल कार्यालय के शुरू होने से अब इस क्षेत्र की 20 ग्राम पंचायतों के लोगों को सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि कार्य योजना को व्यावहारिक रूप देने के लिए जारी वित्त वर्ष के दौरान जल शक्ति विभाग द्वारा 55 विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण पर 310 करोड़ रूपयों की राशि खर्च की जा रही है।

-----

दीपावली का महापर्व पांच दिनों तक चलता है जो धनतेरस से शुरू होकर नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली, मुख्य पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज पर समाप्त होता है पांच पर्व या दीपोत्सव प्रदेश सहित देशभर में खूब धूमधाम व पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है आज छोटी दिवाली के अवसर पर राजधानी शिमला सहित प्रदेश के बाज़ारो में खूब रौनक है और लोग जमकर खरीददारी कर रहे है। इस अवसर पर शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने आदेश जारी करते हुए बताया कि दिवाली त्योहार के दौरान हरित पटाखे चलाने और उपयोग करने का समय शाम 8 बजे से 10 बजे तक होगा।

----

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग चार पोस्ट कोड्स की लिखित परीक्षाओं के परिणाम कल घोषित किए। आयोग के सचिव डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि लैब असिस्टेंट पोस्ट कोड 961, असिस्टेंट कंप्यूटर प्रोग्रामर पोस्ट कोड 966, मत्स्य अधिकारी पोस्ट कोड 978 के पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा में उर्तीण उम्मीदवारों के लिए डॉक्यूटमेंट वेरिफिकेशन 18 नवंबर को होगी। जबकि डिस्पेंसर पोस्ट कोड 967 के पदों के लिए उत्तीर्ण उम्मीदवारों की डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 16 नवंबर को होगी। डॉ. विक्रम महाजन ने बताया कि सभी परीक्षा परिणाम आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

-----

**और अब एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर**

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है–**हिमाचल को एक हजार 1 सौ 27 करोड़ की स्वास्थ्य परियोजनाओं की सौगात।** पंजाब केसरी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–**30 किलोमीटर का क्रूज मार्ग विकसित किया जायेगा।** दिव्य हिमाचल के शब्द हैं–**बड़े जलाशयों में अब वाटर टूरिज्म–गोबिंदसागर झील में जलक्रीड़ा गतिविधियों का शुभारम्भ करते हुए बोले मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू।** दैनिक भास्कर लिखता है–**गोवा व केरल की तर्ज पर विकसित होगा बिलासपुर, कोलडैम में भी शुरू होंगी वाटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज।**

हिमाचल दस्तक की एक खबर है– **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया बल्क ड्रग यूनिट का शुभारंभ–860 करोड़ से बनने वाले इस यूनिट में एक हजार युवओं को मिलेगा रोजगार।**

दैनिक जागरण प्रदेश उच्च न्यायालय के हवाले से लिखता है– **अतिक्रमण न हटाने पर बर्खास्तगी तक की होगी कार्रवाही।**

**छठी से आठवीं कक्षा तक संस्कृत व्याकरण की पुस्तक आवश्यक, बोर्ड से सचिव ने दी स्वीकृति–वर्ष 2026 से कक्षा छठी से आरंभ की जाएगी नवीन पाठ्य पुस्तक** आपका फैसला की एक सुर्खी है।